ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 30-04-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-04-30 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-05-01	2021-05-02	2021-05-03	2021-05-04	2021-05-05
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	2.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	39.0	39.0	39.0	38.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	20.0	19.0	19.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	60	60	65	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	20	20	25	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	12.0	12.0	10.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	330	340	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	4	5	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (23 – 29 अप्रैल, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.6 से 41.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 14.4 से 20.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 35 से 67 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 11 से 28 प्रतिशत एवं हवा 1.4 से 4.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनो में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा, लेकिन 3 व 4 मई को कहीं-कही बूंदा-बांदी हो सकती है। हवा के 10-12.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.0 से 39.0 व 19.0 से 20.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार, 5-11 मई के दौरान राज्य में वर्षा से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.15-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा, लेकिन 3 व 4 मई को कहीं-कही बूंदा-बांदी हो सकती है।

अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 37.0 से 39.0 व 19.0 से 20.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	वर्षा को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयो से अनुरोध है कि कटी हुई गेंहॅू की फसल को खेतो से हटाकर सुरक्षित स्थान पर भण्डारित करें। गेहूँ की फसल की मड़ाई के बाद ध।न की वुबाई के लिए गहरी जताई व मेड़बदी करें।
मक्का	आगामी दिनो में, वर्षा होने की सम्भावना है अतः किसान भाई खड़ी फसल में सिंचाई का कार्य रुककर करें।
सूरजमुखी	वर्षा को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयो से अनुरोध है कि फसल में सिंचाई न करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम कॆ बाघ मे डान्सी मक्खी के लिये काष्ठ निर्मित यौन गन्ध ट्रैप को पेड पर लगाना चाहिये (10ट्रैप/है0) प्रयॊग करे|यौन गन्ध ट्रैप को दो माह मे बदल देना चाहिये|
सेम की फली	फ्रासबीन मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे। रसायनो का छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पटेरा रोग से बचाव हेतु प्रसव होने के 10 दिन पश्चात् 10-15सी0सी0 नीम का तेल नवजात को पिला दे। तदुपरांत 10 दिन पश्चात् पुनः 10-15 सी0सी0 नीम का तेल पिला दें। बथुए का तेल इसका रामबाण इलाज है।